# गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय, बाँसवाड़ा

coe@ggtu.ac.in

क्रमांकः–एफ( )गोगुजवि/बाँस/परीक्षा/2025/2149 दिनांक–06.08.2025

## अधिसूचना 2025(वार्षिक)/24

### विश्वविद्यालय पूरक परीक्षा 2025

विश्वविद्यालय परीक्षा 2024–25 अंतर्गत **तृतीय वर्ष विज्ञान, कला एवं वाणिज्य परीक्षा 2025** एवं **तृतीय वर्ष बीसीए परीक्षा 2025 में पूरक घोषित** अभ्यर्थियों से **पूरक परीक्षा 2025 हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं।**

| क्र.स. | पाठयक्रम का नाम | आवेदन पत्र प्रारम्भ तिथि | आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | तृतीय वर्ष कला परीक्षा 2025 | **07.08.2025** | **13.08.2025** |
| 02 | तृतीय वर्ष वाणिज्य परीक्षा 2025 | **07.08.2025** | **13.08.2025** |
| 03 | तृतीय वर्ष विज्ञान परीक्षा 2025 | **07.08.2025** | **13.08.2025** |
| 03 | तृतीय वर्ष बीसीए परीक्षा 2025 | **07.08.2025** | **13.08.2025** |

**नोटः**

1. **राजकीय महाविद्यालयों के नियमित विद्यार्थी एवं समस्त स्वयंपाठी विद्यार्थी अपने स्तर से** उक्त ऑनलाईन आवेदन पत्र भरेंगे एवं भरे हुए आवेदन पत्र उनकी संबंधित परीक्षा 2025 के परीक्षा केन्द्रों पर ऑनलाईन आवेदन करने के बाद आगामी 03 दिन में जमा कराएंगे।
2. **निजी महाविद्यालयों के नियमित विद्यार्थी संबंधित निजी महाविद्यालय पैनल से** आवेदन करेंगे। इसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित निजी महाविद्यालय की रहेगी। निजी महाविद्यालय निर्धारित शुल्क चालान द्वारा ही शुल्क अदा करेंगे। अंतिम तिथि को जनरेट चालान को अनिवार्यतः 14.08.2025 तक बैंक में जमा कराना अनिवार्य होगा। विलम्ब से चालान जमा होने की स्थिति में विद्यार्थी को परीक्षा से नियमान्तर्गत वंचित होने की समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय की रहेगी।
3. उक्त पूरक परीक्षा के आयोजन की **परीक्षा के प्रारम्भ होने की प्रस्तावित तिथि 08.09.2025** रहेगी।
4. जिन विद्यार्थियों ने सत्रांत परीक्षा 2024 में परीक्षा दी एवं परिणाम में Supp/PTYO (Part IIIrd Year Only) अंकित है वे ही इस पूरक परीक्षा 2025 में आवेदन करने के पात्र रहेंगे।
5. पूरक परीक्षा में पूरक घोषित विषय के समस्त सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों में अर्थात् यदि विषय के दो प्रश्न पत्र है तो दोनों प्रश्न पत्रों में, यदि विषय में तीन प्रश्न पत्र है तो तीनों प्रश्न पत्रों में सम्मिलित होना अनिवार्य है। केवल एक प्रश्न पत्र में परीक्षा देने पर विद्यार्थी अनुत्तीर्ण घोषित किया जाएगा।
6. पूरक परीक्षा में एक विषय में प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित विद्यार्थियों को भी पूरक परीक्षा आवेदन पत्र भरना अनिवार्य है। **एक से अधिक प्रायोगिक विषय में अनुपस्थित विद्यार्थी आवेदन के पात्र नही होंगे।**

परीक्षा नियन्त्रक

परीक्षा नियन्त्रक
गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय
बांसवाड़ा (राज.)